भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 659
गुरूवार, 28 नवम्बर, 2024/ 7 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

ओडिशा में विमानन अवसंरचना

659. श्री सुकान्त कुमार पाणिग्रहीः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पर्यटन, व्यापार और वाणिज्य और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के मद्देनजर ओडिशा में हवाई संपर्क बढ़ाने और विमानपत्तन अवसंरचना के उन्नयन के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ख) ओडिशा में नए विमानपत्तनों के विकास और मौजूदा विमानपत्तनों के विस्तार की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार ने विशेषकर सीजन के दौरान ओडिशा में प्रमुख शहरों और फूलबनी को जोड़ने के लिए उड़ानें शुरू करने पर विचार किया है; और

(घ) क्या क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) उड़ान के अंतर्गत ओडिशा के कंधमाल में गुदारी हवाई पट्टी के लिए नियमित उड़ान शुरू करने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख): क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) - उड़ान के तहत ओडिशा राज्य में झारसुगुड़ा, राउरकेला, उत्केला और जयपोर में चार हवाई अड्डों को चालू किया गया है। इसके अलावा, रंगीलुंडा, अमरदा और रायरंगपुर (दंडबोस) हवाई पट्टियों को विकास के लिए चिह्नित किया गया है।

राज्य सरकार द्वारा रंगीलुंडा में वर्तमान में विकास कार्य किया जा रहा है। अमरदा और रायरंगपुर हवाई अड्डों का विकास वर्तमान में योजना स्तर पर है।

(ग) और (घ): ओडिशा सरकार के स्वामित्व वाली गुदारी हवाई पट्टी, जिसे फूलबनी हवाई पट्टी के रूप में भी जाना जाता है, उड़ान दस्तावेज़ में असेवित हवाई अड्डों की सूची में शामिल है।

उड़ान एक सतत योजना है, जिसके तहत अधिक से अधिक गंतव्यों/स्टेशनों और मार्गों को शामिल करने के लिए समय-समय पर बोली प्रक्रिया आयोजित की जाती है। वैध बोली के माध्यम से पहचान किए जाने और चयनित एयरलाइन ऑपरेटर (एसएओ) को अवार्ड किए जाने के बाद असेवित और अल्पसेवित हवाई अड्डों का पुनरुद्धार/उन्नयन किया जाता है।

उड़ान योजना के तहत बोली के पांच दौर पूरे होने तक किसी भी एयरलाइन बोलीदाता ने गुदारी हवाई पट्टी से आरसीएस उड़ान प्रचालन करने का प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है।

यदि कोई एयरलाइन भविष्य की बोली प्रक्रिया में गुदारी हवाई पट्टी को जोड़ने वाले मार्गों के लिए आवेदन करती है, तो उस पर योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार विचार किया जाएगा।

*****